हिन्दी प्रेस क्लब

अंक- 3, सत्र-1, 2022-2023, ( फ्रेशर्स विशेषांक )

# प्रवाह

## हिंदी प्रेस क्लब



# अंदर पढ़िये :-


- **संपादकीय**
- **मुस्कराईये आप बिट्स में हैं**
- **इस वर्ष क्या है ख़ास...**
- **बड़े मियाँ छोटे मियाँ**
- **BITS map**
- **बिट्सियन फेस्ट्स**
- **बिट्सियन जीवन शैली और हॉस्टल**
- **ऑनलाइन पोर्टल**
- **रजिस्ट्रेशन प्रक्रिया**

# संपादकीय

**आभार, अभिनन्दन, स्वागत, स्वागत, स्वागत...**

**स्वागत है आपका इस जादुई नगरी पिलानी में। यही आपका नया घर है और यहां के लोग आपका नया परिवार। मैं आपसे वादा करता हूँ कि मैं आपको इस पत्रिका के माध्यम से इस सम्पूर्ण कैंपस का परिचय करवाऊंगा। लेकिन यह क्या? कैंपस इतना सजा हुआ क्यों है? पहले ही दिन चारो तरफ इतना कोलाहल क्यों है? सब लोग इतनी जल्दी में क्यों हैं? यह सब लोग झुंड में कहाँ जा रहे हैं? इतने खिलाडी! और उनको उत्साहित करने के लिए यह भीड़ क्यूँ? यह सब सवाल तो आप सबके मन में जरूर आ रहे होंगे। घबराइए मत, मैं आपको हर छोटी बड़ी चीज़ के बारे में बताऊंगा; हाँ, यह और कुछ नही बल्कि BOSM है। यह फेस्ट पूरे भारत के कॉलेजों को अपनी प्रतिभा दिखाने, स्वस्थ प्रतिस्पर्धा को बढ़ावा देने के लिए एक मंच प्रदान करने और विद्यार्थियों को विभिन्न प्रकार के खेलों और आयोजन में भाग लेने का अवसर प्रदान करता है। अरे! निराश मत होइए, आपको आने में देरी नही हुई। अभी तो बहुत कुछ है कैंपस के इस जादुई पिटारे में। अगले ही महीने 50वां oasis है। आप और हम मिलकर इस ऐतिहासिक पल के गवाह बनेंगे। 5 दिन तक चलने वाले इस सांस्कृतिक फेस्ट में आप रोमांचक प्रस्तुतियां, गेम्स, प्रश्नपहेलियाँ, खाने और खेलने की स्टाल्स आदि का 96 घंटों तक निरंतर आनंद ले सकते हों।**

**चलो अब मस्ती और फेस्ट के बीच में थोड़ी पठ्यक्रम की बात कर लेते हैं। आपके सम्पूर्ण ग्रेजुएशन में 8 से 10 सेमेस्टर होंगे। PS I और PS II भी इसी में शामिल हैं। घबराइए नही, यह बस नाम से ही डरावने हैं, सीनियर्स के जानकारियों से भरे सेशन के लिए तैयार रहो! संक्षिप्त में बताऊँ तो यह कॉलेज के अनुभव को उद्योग से जोड़ने का काम करते हैं। वक़्त-वक़्त पर साथ देने के लिए इस नए घर में सीनियर,मित्र, अध्यापक, क्लब ,और डिपार्टमेंट हैं।**

**अंततः मैं बस इतना कहूंगा कि यह जगह वाकई जादुई है, यहां के लोग मुस्कुराते-खुशियां बांटते हैं, मिड सेम-कोम्प्री में साथ बैठ पढाई करते हैं, क्लब डिपार्टमेंट के जरिये दोस्तों संग फेस्ट्स और त्योंहारों का आनंद भी लेते हैं।**
**आप भी एक लम्बे स्कूली के सफर से यहां आये हो; किताबी ज्ञान के अतिरिक्त, अच्छे दोस्त, खेल-कूद, शौख आदि को भी ध्यान में रखते हुए इस सुन्दर सफर का भरपूर लाभ उठायें।**
**शुभकामनाएं...**

# मुस्कुराइए! आप बिट्स में हैं

देश के बेहतरीन और प्रमुख संस्थानों में से एक- बिट्स पिलानी में प्रवेश पाने पर बधाई। आपने यहां तक पहुंचने के लिए वास्तव में कड़ी मेहनत की है। निःसंदेह आपके जीवन के अगले कुछ वर्ष वास्तव में मजेदार होने वाले हैं और आप बहुत सी दिलचस्प चीजें करेंगे। यहां आप बहुत सी चीजें सीखेंगे और रास्ते में अविस्मरणीय यादें बनाएंगे।

<u>निर्देशक सुधीर कुमार बरई सर का संदेश:</u>

बिट्स उन सपने देखने वालों और अधिक ऊंचाइयों तक पहुंचने के लिए मंच प्रदान करता है।

मैं व्यक्तिगत रूप से सभी वर्तमान संकाय सदस्यों, स्टाफ सदस्यों, संबद्ध शिक्षण बिरादरी और छात्रों से अनुरोध करता हूं कि वे आगे आएं और इस संस्थान को उत्कृष्टता का स्थान बनाने के लिए व्यावहारिक रचनात्मक आलोचनाएं प्रदान करें। मैं इस संदेश के माध्यम से प्रत्येक से अनुरोध कर रहा हूं कि मैं इस प्रमुख संस्थान में एक मिशन के साथ अंतरराष्ट्रीय स्तर पर शीर्ष रैंक वाले विश्वविद्यालय में ले जाने के लिए शामिल हुआ हूं।

<u>कुलपति प्रो सौविक भट्टाचार्य सर का संदेश :</u>

देश में तकनीकी शिक्षा में क्रेडिट आधारित सेमेस्टर प्रणाली का बीड़ा उठाने के बाद, बिट्स पिलानी सभी छात्रों के लिए सेमेस्टर लंबी इमर्सिव इंडस्ट्री इंटर्नशिप के साथ 'डू इंजीनियरिंग' शिक्षा में अग्रणी रहा है, और काम एकीकृत सीखने के माध्यम से उद्योग के पेशेवरों के लिए एक अनूठा अवसर है।देश के शीर्ष स्तर के संस्थानों में लगातार स्थान पर रहने के कारण, हम अधिक से अधिक ऊंचाइयों को प्राप्त करने के लिए कड़ी मेहनत करते हैं। हमारे छात्र उभरते हुए नेता हैं जो कल की दुनिया को आकार देने में मदद करेंगे, खेल बदलने वाले कौशल को एक मजबूत अखंडता और सामाजिक मूल्यों के साथ एक चौतरफा विजेता की ओर ले जाएंगे।

<u>कैंपस का विशेष विवरण -</u>

328 एकड़ में फैला यह हरा भरा कैंपस रेगिस्तान के बीच में स्थित पानी की झील की भाँती शोभा बढ़ता है। विश्व स्तरीय शिक्षा, आधुनिक तकनीक से युक्त क्लास रूम और होस्टल्स। 5000 से भी ज्यादा लोगो से भरे इस जीवंत कॉलेज में सभी इंडोर खेल ,आउटडोर खेल, बड़े बड़े खेल मैदान, स्विमिंग पूल, जिम, अपना गेस्टहाउस और अनेकों खाने के स्टाल्स उपलब्ध हैं। इन सभी के अतिरिक्त बिरला म्यूजियम, बिरला मेमोरियल, कनॉट, सरस्वती मदिन जैसी जगहों पर अच्छा समय बिताया जा सकता है। कैंपस ही क्यों, बिरला हवेली, पंचवटी, पहाड़ी जैसी दर्शनीय स्थान भी पिलानी नगरी हैं।

<u>तथ्य और इतिहास-</u>

सन 1901 में सेठ नारायण जी बिरला ने पिलानी में अपने पोतों जीडी बिरला और आरडी बिरला को शिक्षित करने हेतु एक पाठशाला का आरंभ करा था। 1929 तक पाठशाला एक इंटरमीडिएट कॉलेज के रूप में विकसित हो गई। 1943 में बिरला एजुकेशन ट्रस्ट की स्थापना करी गयी थी और यह इंटरमीडिएट कॉलेज, एक डिग्री कॉलेज में परिवर्तित हो गया था। बाद में स्नातकोत्तर पाठ्यक्रम भी शुरू कर दिया गया था।

सन 1964 में इस कॉलेज को बिरला इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी एंड साइंस नमक संस्थान के रूप में स्थापित किया गया था जिसके प्रथम संस्थापक अध्यक्ष डॉ जी डी बिरला थे।

70 का दशक आने तक इस संस्थानका विकास फोर्ड फाउंडेशन ग्रांट से लाभान्वित होकर, मैसाचुसेट्स इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी (एमआईटी), यूएसए के सहयोग से किया गया था। 1983 में डॉ. केके बिरला ने बिट्स के अध्यक्ष के रूप में पदभार संभाला और विश्वविद्यालय के बुनियादी

# मुस्कुराइए! आप बिट्स में हैं

ढांचे, संकाय और छात्र निकाय का विस्तार किया। सदी का अंत आते- आते इंजीनियरिंग और विज्ञान में गुणवत्तापूर्ण स्नातकों की अधिक आवश्यकता को महसूस करते हुए, बिट्स ने अपनी छात्र क्षमता को 2500 से बढ़ाकर 4000 कर दिया।

अब नयी शताब्दी की शुरुआत के साथ ही बिट्स ने पहले बिट्स दुबई(2000) फ़िर बिट्स गोवा (2004) और आंध्र प्रदेश सरकार द्वारा आमंत्रित किए जाने पर बिट्स हैदराबाद कैंपस(2008) ने अपना परिचालन शुरू किया था।

<u>प्रसिद्ध एलुमनाई -</u>

यूँ तो लगभग हर सफल बिट्सियन के बारे में यहां लिखा जा सकता है क्यूंकि सभी की सफलता का अलग सफर होता है। फिर भी कुछ ऐसे एलुमनाई हैं जिन्हे हमने ही नही बल्कि पूरे देश और दुनिया ने जाना है और बिट्स का मान बढ़ाया है। उनमे से प्रमुख हैं -

पृथ्वीराज चौहान – पूर्व मुख्यमंत्री महाराष्ट्र
गोविंदन रंगराजन – निर्देशक गणित विभाग (IISC, बंगलौर)
सुनील दुग्गल – CEO डाबर
एस० के० रुंगटा – चेयरमैन , ISRO
नंदन रेड्डी – सह-संस्थापक, SWIGGY

# इस वर्ष क्या है ख़ास..

अपने जीवन के इस ख़ास मोड़ पर आकर आपको कैसा लग रहा है? अब आप भी बिट्स पिलानी परिवार के सदस्य बनने जा रहे हैं तो चलिए आपको रूबरू करवाते हैं उन ख़ास घटनाओं से जो आपको सालभर यहाँ देखने को मिलेंगी।

सबसे पहले आपका स्वागत होगा बिट्स पिलानी के स्पोर्ट्स फेस्ट बॉसम में। तरह-तरह के खेल कूद, प्रतियोगिताएं, प्रश्नपहेलियाँ इत्यादि आपका मनोरंजन करने को तैयार हैं। बॉसम 2022 कि सबसे ख़ास बात यह है कि पूरे दो वर्ष पश्चात इसका आयोजन किया जा रहा है। अर्थात इस साल 2020, 2021 और 2022 इन तीनों ही बैच के छात्र एक साथ इस आयोजन के साक्षी बनेंगे। आपको इस बात का भी इल्म हो जाएगा कि बिट्स पिलानी मात्र एक शैक्षणिक संसथान ही नही अपितु एक विद्यार्थी के जीवन रथ को सुदृढ़ और सुमार्ग पर लाने वाला एक कुशल सारथी है। इसी के साथ आपको बतादें कि बिट्स पिलानी का प्रत्येक फेस्ट किसी न किसी विषय यानी थीम पर आधारित होता है। इस वर्ष बोसम का थीम है 'राईस टू ग्लोरी' जिसका शब्दार्थ आप समझ ही सकते हो - 'वैभव के लिए उठो'। मतलब पूर्ण जोश और उत्साह के साथ अपना खेल दिखाओ और जीत के लिए खेलो।

अभी आप पर से बॉसम का रंग उतरा भी नही होगा कि अपनी बाहें फैलाये आपके स्वागत के लिए OASIS 2022 तैयार खड़ा होगा। पिछले पांच दशकों से आयोजित किया जाने वाला यह कार्यक्रम आपको आश्चर्यचकित करने के लिए पर्याप्त है। यह फेस्ट भारत का दूसरा सबसे बड़े स्तर पर आयोजित किया जाने वाला कार्यक्रम है और तो और इस साल OASIS की भव्यता का कोई सानी नही होगा क्योंकि ये 50वां OASIS है। किस्मत वाले हैं आप और हम जो हमें इस ऐतिहासिक फेस्ट के अवलोकन का स्वर्णिम अवसर मिल रहा है।

इन दोनों समारोहों के बाद आता है अपोजी जो कि एक टेक फेस्ट है अर्थात इसमें तकनीक सम्बंधित कार्यक्रम, प्रतियोगिताएं इत्यादि आयोजित होते हैं।

अब तक आपको बिट्स के फेस्ट्स के सन्दर्भ में तो पता चल ही गया होगा। तो अब बात करते हैं इस वर्ष के उन अनोखे पहलुओं की जो शायद अब से पूर्व कभी नही हुए हैं।

सर्वप्रथम तो बिट्स के इतिहास में पहली दफ़ा, आगामी बैच का शिक्षण शुल्क अर्थात फीस पिछले बैच से कम है। जैसा कि आपको पता ही होगा कि बिट्स पिलानी अपनी अधिक फीस के लिए बहुत ज़्यादा मशहूर है और यदा-कदा इस सन्दर्भ में बातचीत भी हुई है परंतु कभी कोई संतोषजनक निष्कर्ष नही निकला है। किन्तु अब लगता है कि उन सभी कोशिशों का कुछ तो असर हुआ है जो 2022 बैच की फीस में कुछ कटौती की गयी है। हालाँकि पूर्ण शुल्क की तुलना में ये कटौती बहुत अधिक तो नही है लेकिन यह कह सकते हैं कि फीस कम हुई है।

अब इसके बाद बारी आती है बिटसैट परीक्षा की। आप सभी को यह तो पता ही होगा की बिटसैट परीक्षा 450 अधिकतम अंकों की होती रही है। परंतु लगता है गत वर्षों के गिरते हुए कटऑफ को देखते हुए प्राधिकरण ने अधिकतम अंक ही कम कर दिये है। बिटसैट 2022 की परीक्षा मात्र 390 अंकों में कराई गयी और वो भी दो पालियों में। अब छात्रों के बीच इस वर्ष के कटऑफ की बात काफ़ी चर्चा का विषय बन गया है। इस फ़ेरबदल के पीछे का क्या कारण है ये तो अभी तक किसी को भी नही पता है। किन्तु प्राधिकरण के इस कदम से बिट्स की दाखिला प्रक्रिया एक नया मोड़ आया है। आशा है यह फलदायी होगा।

इन सब बातों के अतिरिक्त अकादमिक विनियमों में कुछ बदलाव सामने आये है जो समय के साथ सभी के संज्ञान में आ जायेंगे।

बिट्स की खासियत यही समाप्त नही होती है। आप जैसे-जैसे यहाँ की हवाओं में साँस लेंगे आपको यहाँ की अद्भुतता का अंदाज़ा स्वयं ही लगता जायेगा।

# बड़े मियाँ छोटे मियाँ

जब जेईई अडवांस्ड के परिणाम के बाद हमने अपनी किस्मत को स्वीकार करते हुए बिट्स पिलानी के दरवाज़े पर दस्तक दी, तब गूगल पर देखी हुई कैम्पस की सारी तस्वीरें आँखों के सामने थी। Quora पर पढ़े और देखे हुए वे सारे किस्से और नज़ारे, गांधी-137 का खौफ़, राम भवन में पानी की समस्या और मीरा भवन की नीली दीवारों को हम टिमटिमाती नज़रों से देख रहे थे और असीम आनंद का अनुभव कर रहे थे। इन सब के बारे में सोचते सोचते जब शाम को अपने विंग वालों के साथ रेड़ी पर पहुंचे, तो हमारी ('22 batch) मुलाक़ात अपने सीनियर्स से हुई और उनसे हुई वार्तालाप कुछ इस प्रकार है:

( किरदार: '21, '22, '20 batch)

'21: फ्रेशर्स? आओ आओ, बैठो! तुम्हे आज मेरी तरफ़ से ट्रीट!

'22: अरे भैया, ट्रीट किस बात की? वैसे भी आप हमसे ज़्यादा फ़ीस का भुगतान करते हो, कही तो कटौती करो!

20: इतना खुश और हर्षित होने की ज़रूरत नही है, यह बिट्स है, यहाँ हर्ष लंबे समय तक नही टिकता।

'21: सही बात है! अच्छा, यह बताओ कि कैम्पस पर कहाँ कहाँ घूम लिए?

'22: अभी तो बस रोटुंडा और लाइब्रेरी के दर्शन हुए हैं।

'21: अभी तो बहुत कुछ बाकी है! आने वाले समय में वैसे भी लाइब्रेरी के दर्शन कम ही होने वाले हैं! क्या तुम्हें पता है कि ऐसा माना जाता है कि क्लॉक टावर और FD-3 के बीच एक खुफ़िया सुरंग है? मौका मिले तो खोजने ज़रूर जाना!

'22: अरे वाह! क्या ऐसी और भी कोई जगह है कैम्पस पर जिसके बारे में बहुत कम लोग जानते हैं?

'21: कनॉट के पीछे एक बहुत पुराना कम्युनिटी सेंटर और ओपन जिम है। वहाँ तक भी बहुत कम लोग गए होंगे! वैसे, अभी तक ANC-Looters पर खाता नही खोला क्या?

'22: अभी तो मेस का स्वादिष्ट खाना ही खा रहे हैं!

'20: यह एक हफ़्ते से ज़्यादा नही टिकने वाला। उसके बाद तो सब नागर जी की सैम चाट ही खाते हुए मिलोगे!

'22: देखते हैं, वैसे भी यह सब खर्चे हम आराम से कर सकते हैं, हमारी फ़ीस आप से कम जो है! अभी तो बिसलेरी का पानी ही खरीद कर पीते हैं।

'21: उफ़, यह 'सोबो' हरकतें कैम्पस पर आकर अब बंद करनी पड़ेंगी! खैर, कैसा लग रहा है पिलानी का माहौल?

'22: ठीक ही है, एक हफ़्ता हुआ है हमें आए हुए और अभी से बारिश होने लगी है।

'20: यह तो बिट्स की परंपरा है, फ्रेशर्स का स्वागत पिलानी की बौछारें ही करती हैं। खैर, क्लास जा रहे हो?

'21: अभी तो एक हफ़्ता ही हुआ है, अभी तो जायेंगे ही, उसके बाद ... लाइट!

'20: पर पढ़ाई के साथ समझौता मत करना, तुम्हें अपने सीनियर्स जैसे कोई NAC नही मिलने वाला।


'22: NAC? वो क्या है?

'21: सब कुछ अभी जान लोगे क्या? फिर कभी आकर मिलो रेड़ी पर, फुर्सत से बताते हैं।


'22: ठीक है भैया, अब हम चलते हैं।

'21: अरे, इतनी जल्दी कैसे? पहले, अपना फॉर्मल इंट्रो दो!

# BITS


लड़कियों का आशियाना
मीरा मेस
मीरा
JAWED HABIB
GYM + INDOOR SPORTS
SAC
ACTIVITIES के साथ मनोरंजन
MALC
I ♡ LOOTERS
महंगी TREATS
BIRLA SHISHU VIHAR
BIRLA BALIKA VIDYAPEETH
बुद्ध भवन
मेस
सबसे POPULAR
गांधी STATUE
सरस्वती मंदिर
SHIV GANGA
EDM & CONCERTS SOUTH PARK
NAB SLOPE
IPC
NSS School
पटेल STATUE
BEST GT
व्यास भवन
शंकर भवन
भूतों का अड्डा
मेस
गांधी भवन
ANC CIRCLE
AMUL
AKSHAY
MED C
C'not
CRICKET GROUNDS
GYM GROUNDS
VOLLEY
ANC
BASKET
TENNIS
भागीरथ
पुरानी हवेली
अशोक
CVR
4th Year
CVR REDI → BEST MAGGI
V-FAST
GUEST HOUSE
Swimming POOL
WELCOME
MAIN GATE

# MAP



MALB
MAL-A
PLACEMENT का
यमराज
BIRLA SCIENCE MUSEUM
SKY LAWNS
→ फोटोशूट
का
स्थल
SKYLAB
SR
भवन
पानी की कमी
NAB
शांत वातावरण
FD III
CLOCK TOWER
MAIN AUDI
BITS की शान
त्योहारों की थाली
ROTUNDA
FESTS का मेला
M-LAWNS
FD II
BITS का दिल
कृष्ण भवन
ADMISSIONS
#FOOD MINTED
COMPRES का
साथी
NEW
WORKSHOP
MECHANICAL वालों
का जीवन साथी
पहला भवन
पहला प्यार
VK
नशे
का
अड्डा
राणा
प्रताप
OLD
WORK
SHOP
CIVIL की
मजदूरी
FD I
MOVIE
SCREENINGS
LTC
LITE LO
LIBRARY
→ COMPRE
का
देवता
UCO बैंक
डाक
⊗ → Redi
⊕ → Chemist

## बिट्सियन फेस्ट्स

# फेस्ट्स की माया

नमस्कार देवियों और सज्जनों! इस दुनिया का पूर्ण रूप से आनंद लेने के लिए कई नियम हैं, जिनमें से कुछ आपने पिछले पन्नों में देख ही लिए होंगे। तो चलिए चलते हैं इसके एक नए पहलू की ओर- 'बिट्स पिलानी के फेस्ट'। कॉलेज समाप्त होने के बाद एक ALUMNI बनकर जब आप अपने यादों के बक्से को खोलेंगे, तब क्लब रूम में की गई मस्ती, दोस्तों को साथ EDM NIGHT पर किया हुआ डांस और हास्य कलाकारों द्वारा दिए गए प्रदर्शन - यही नज़ारे सामने प्रकट होते हैं। तो आइये, अपनी कुर्सी की पेटी बाँध लीजिए और तैयार हो जाइये इस रोमांचक सफ़र के एक नए पहलू के बारे में जानने के लिए ।

**BOSM (BITS OPEN SPORTS MEET)**- छात्रों में खेलों के प्रति उत्साह बढाने के लिए यह वाषिक खेल प्रतियोगिता है जिसमें बिट्स के छात्रों के साथ-साथ भारत के अनेक जगहों से आये हुए कॉलेजों के छात्र भी हिस्सा लेते हैं। इसमें हॉकी, क्रिकेट, बास्केटबॉल, फुटबॉल, वॉलीबॉल, बैडमिंटन, टेनिस, टेबल टेनिस, स्क्वॉश और वेट लिफ्टिंग जैसे अनेक खेलों की प्रतियोगिताएं आयोजित करवाई जाती हैं। छात्रों में उत्साह बढ़ाने के लिए प्रचलित खिलाड़ी को चीफ़ गेस्ट के तौर पर बुलाया जाता है- 2019 में मशहूर शतरंज खिलाड़ी तान्या सचदेव व 2017 में भारत के प्रचलित जेवलिन थ्रो के खिलाड़ी देवेन्द्र झझारिया आदि। BOSM से कुछ दिनों पहले होने वाला 'JUNOON' इवेंट NSS द्वारा आयोजित कराया जाता है जिसमें दिव्यान्ग बच्चों को अपनी प्रतिभा व उनके अंदर मौजूद उनका जुनून दिखाने का मंच मिलता है। यह उनके आत्मविश्वास को बढ़ावा देने की ओर बिट्सियन छात्रों द्वारा एक अनोखा कदम



है ताकि, "सभी बराबर हैं" इस तथ्य को दुनिया के सामने आगे लाया जा सके। इस वर्ष JUNOON 8-9 अक्टूबर को आयोजित किया गया था।

**APOGEE(A-PROFESSIONS-ORIENTED GATHERING OVER EDUCATIONAL EXPERIENCE)**- मार्च या अप्रैल के महीने में आयोजित किया जाने वाला बिट्स पिलानी का यह 'टेक्निकल फेस्ट' छात्रों को अपने तकनिकी और रचनात्मामक ज्ञान को वास्तविकता में बदलने का मंच देता है। यूँ तो इस फेस्ट का मकसद भारत के सभी प्रतिभाशाली दिमागों और विचारकों की मेजबानी करना है परन्तु इस दौरान होने वाले कार्यक्रम व प्रोफ़ शो, छात्रों के दिलों में इसके लिए एक अलग स्थान बना देते हैं।

उद्घाटन के दिन डांस क्लब से लेकर माईम क्लब आदि क्लब और असोसिएशन अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन कर छात्रों का दिल जीत लेते हैं। अगले दिन से ही सभी क्लब अपने-अपने इवेंट का आयोजन कराने में व्यस्त हो जाते हैं। चाहे वह TREASURE HUNT हो या MOMOS CHALLENGE, या चाहे हिंदी प्रेस क्लब द्वारा आयोजित RIOT STORY ही क्यूँ न हो, सभी में कुछ नया एवं ख़ास होता है और इन सभी में भाग लेना अपने आप में ही एक नया अनुभव होता है।

# बिट्सियन फेस्ट्स

इसी प्रकार कुछ दिन बीत जाते हैं और आ जाता है वह दिन जिसका सभी बेसब्री से इंतज़ार कर रहे होते हैं- **EDM NIGHT!** घंटो नाचने की इस प्रक्रिया में आप इतने व्यस्त हो जाते हैं कि **CG** का ख्याल दूर-दूर तक आपके ज़हन में नही उठता। अंत में कुछ प्रसिद्ध हास्य कलाकार अपना शो कर इस फेस्ट को उसकी समाप्ती की ओर ले जाते हैं। परन्तु **APOGEE** का असली मज़ा उसके इवेंट और शो से ज़्यादा क्लब रूम में अपने दोस्तों के साथ मस्ती करने, **SENIOR** और **ALUMNI** से स्टॉल्स पर ट्रीट लेने, रात भर जागकर बाहर से आए लोगों से मिलने और **APOGEE SNAPS** के समय अपने क्लब/डीपार्टमेंट के **COORDINATOR** की **GPL** करने में न है।

**OASIS**- भारत के कॉलेजों में होने वाले प्रमुख व प्रचलित सांस्कृतिक उत्सवों में से एक **'OASIS'**, बिट्स पिलानी की आन, बान और शान है।

O देशभर से करीब 5000 विद्यार्थी इसका आनंद लेने आते हैं व 96 घंटों तक निरंतर चलने वाले इस महोत्सव से जुड़ी कई यादें लेकर जाते हैं। **"BITS PILANI-IT'S MAGIC"** के तथ्य को सही साबित करता हुआ यह फेस्ट, 1971 से लेकर आज तक बिट्स पिलानी की गरिमा को बनाये रखे हुआ है। बिस्वा कल्यानरथ, अभिषेक रघुराम, सुनिधि चौहान, अनुभव बस्सी जैसे कलाकारों का लाइव प्रदर्शन, **OASIS** के प्रति छात्रों का आकर्षण और भी बढ़ा देता है।

" लौटकर सिर्फ यादें आती हैं, वक्त नही।" इस कथन के साथ मैं आशा करता हूँ कि आप सभी अपने आने वाले चार साल बिट्स पिलानी की इस अनोखी दुनिया का आनंद लेंगे व यहाँ से कई यादें अपने साथ **ALUMNI** बन लेकर जायेंगे।



## बिट्सियन जीवनशैली और हॉस्टल

# "Bits Pilani... It's Magic"

नमस्कार, बिट्स की इस मायानगरी में आपका स्वागत है। आशा है आप सभी को बिना किसी परेशानी के अपना हॉस्टल और रूम का आवंटित हो गया है। यहां रहने के तौर – तरीके कुछ अलग है। जहां सुबह आप अपनी माँ के मीठे स्वर तथा प्यार भरे सहलाव से उठते थे, वही यहां जब तक आप अपने कमरे खटकाते हुए दोस्त से दो-चार अपशब्द न सुने तो आपकी सुबह ही शुरू नही होती। जहां आप सुबह नहाने के लिए नखरे दिखाते थे, यहां आप नहाने के लिए पानी को तरसते हैं। जहां आपका दाल-चावल को देख कर मुंह बनता था, वही यहां आप उन्ही के सहारे अपना पेट भरते हैं। यहां की रात आपके लिए नया सवेरा बन जाती है। बिट्स की 0% अटेंडेंस पॉलिसी के चलते, प्रतिदिन क्लास लगाना एक कठिन कार्य बन जाता है। यहां आप राजस्थान की तपती गर्मी तथा जमा देने वाली सर्दी को झेलना भी सीखते हैं। अपने जन्मदिन पर मुंह या पीठ छुपा कर रखनी पड़ती है यहां। पर केमिस्ट्री लैब की लाल फास्फोरस से पनवाड़ी की लाल फास्फोरस तक का यह सफर खूब रंगीन, रोमांचक और मन लुभाने वाला होगा।

आपके मन में यह सवाल ज़रूर आया होगा कि ये विंग क्या होता है? Hallway मे एक पंक्ति मे आने वाले रूम्स एक विंग बनाते हैं। आम तौर पर एक विंग में 10 से 14 कमरे होते हैं। बिट्स में कुल 13 भवन हैं जिनमे केवल लड़के रहते हैं तथा लड़कियों के लिए एक ही भवन है- मीरा भवन। सभी प्रथम वर्षीय छात्र को डबल औक्युपंसी के कमरे दिए जाते हैं जिनमे अलमारी, टेबल, पंखे तथा शेल्फ दिए जाते हैं। आम तौर पर दो विंग एक बाथरूम से जुड़ी होती हैं। प्रत्येक फ्लोर पर कुछ जगह वाटर कूलर्स दिए गए हैं जिनसे शुद्ध ठंडा पानी मिलता है।



प्रत्येक फ्लोर पर एक कॉमन रूम भी होता है जहां कूलर, टेबल टेनिस तथा टीवी केबल की सुविधा दी गई है जिससे आप अपने दोस्तों के साथ मिलकर क्रिकेट,F1, फुटबॉल जैसे मैच का लुत्फ़ उठा सकते हो।

प्रत्येक भवन में वेंडिंग मशीन उपलब्ध है जिससे आप रात के समय भी चिप्स और कोल्ड ड्रिंक पा सकते हैं। हर भवन में wifi उपलब्ध है जिसके विवरण और निर्देश आपको अपने mail के द्वारा मिल गए होंगे।

### लड़कों के भवन हैं-

शंकर, व्यास, गांधी, कृष्ण, राम, बुध, विश्वकर्मा, भागीरथ, श्रीनिवास रामानुजन्, अशोक, राणा प्रताप, सीवी रमन, मालविय A, मालविय B, मालविय C और मालविया अपार्टमेंट्स हैं। जिनमे से first-yearites को श्रीनिवास रामानुजन्, कृष्ण, गांधी और विश्वकर्मा मिलते हैं।

# बिट्सियन जीवनशैली और हॉस्टल

भवन–भवन की कहानी

श्रीनिवास रामानुजन्–
अधिकतर प्रथम वर्षीय छात्रों को श्रीनिवास रामानुजन् भवन मिलता है जिसका हाल ही में नवीकरण हुआ था। यह एक सुनियोजित भवन है जो 4 ब्लॉक में बंटा हुआ है और उनके बीच विशाल गार्डन भी हैं। इस भवन की वास्तुकला बाकियों से अलग ज़रूर है पर अपने आप में महान है। इस भवन में बिजली पर चलने वाले geysers हैं और प्रत्येक रूम में central–ventilation प्रदान किया गया है। यह भवन कैंपस के एक कोने मे अवश्य है परंतु लाइब्रेरी, इंस्टीट्यूट कंटीन, LTC, तथा शैक्षिक इमारतों के पास पड़ता है। अगर आपको यह भवन मिला है, तो गर्मी में आपके दोस्त अवश्य आपके कमरे में सोने आएँगे।

कृष्णा और गांधी –
इन भवन में कुल दो फ्लोर हैं। इन भवन का भी हाल ही में नवीकरण हुआ था तथा यहां के कमरे काफी बड़े और साफ हैं। यह भवन कैंपस के बीच में स्थित हैं जहां से कोई चीज़ दूर नही लगती, खास तौर पर शैक्षिक इमारतें। यदि आपको यह भवन मिला है तो आपको cycle की कुछ खास आवश्यकता नही है। सावधान– हाला कि इन भवन का स्थान सराहनीय है, पर बाहर निकलते ही चिड़ियां तथा कबूतर का खास ध्यान रखिएगा वरना आपके ऊपर सफेद दाग पड़ सकता है।

विश्वकर्मा–
यह भवन काफी कम first yearites ko मिलता है। अन्य भवनों की अपेक्षा इस भवन की संरचना थोड़ी पुरानी है। यह सभी एकेडमिक ब्लॉक के पास स्थित है। VK Lawns इस भवन को सबसे अलग और अनोखा बनाते हैं।

मीरा –
यह भवन कैंपस के दूसरे कोने में स्थित है जहां की दीवारे लांगना असंभव है। लड़कियों के लिए केवल एक ही भवन होने के कारण यहां पर 10 ब्लॉक्स हैं और प्रत्येक ब्लॉक में 2 से 3 फ्लोर हैं। प्रथम वर्षीय छात्राओं को आम तौर पर 9th ब्लॉक दिया जाता है। यहां पर कीड़े मकोड़े आम तौर पर दिखते रहते हैं तथा रोज़ सुबह आपको मोर के दर्शन भी होते हैं। हॉस्टल के पास में ही सरस्वती मंदिर, अक्षय स्टोर और c'not place पड़ते है। यहां से शैक्षिक इमारतें दूर पड़ती हैं तो यहां के निवासियों को सुझाव है कि वे cycle खरीद ले या रिक्शा से आना जाना कीजिए।

प्रत्येक हॉस्टल के बगल में मेस है जहां आपको दिन में 3 बार खाना परोसा जाता है। साथ ही 'Pitstop' की सुविधा भी उपलब्ध है जहां आप दिन में कभी भी चिप्स, कुल्फी, चोकोलेट जैसी अन्य चीजें खरीद सकते हैं। इतना ही नही, समय समय पर अलग अलग राज्यों के संगठन अपनी संस्कृति और कला का प्रदर्शन करने के लिए ग्रब और इवेंट भी आयोजित करवाते हैं। तो बेफिक्र आइये और अपने कॉलेज के दिन खुल के जिए।



# ऑनलाइन पोर्टल

### ERP पोर्टल

इस पोर्टल पर हर सेमेस्टर के शुरुआत में टाइम टेबल बनाने के लिए कोर्स का पंजीकरण किया जाता है। सेमेस्टर फीस, PS आदि की फीस के भुगतान में भी यह वेबसाइट सहायक हैं। सबसे अधिक महत्वपूर्ण, CGPA, SGPA आदि ग्रेड का पूर्ण और विस्तृत ब्यौरा इस वेबसाइट पर मिलता है।

### Library पोर्टल

एक विशाल लाइब्रेरी का बहुत ही विविध पोर्टल हमे वहाँ उपलब्ध सभी पुस्तकों की सूची- संदर्भ अथवा जारी करने दोनों की सहूलियत देता है। मत्वपूर्ण पुष्तकों की इ-कॉपी उपलब्ध करवाना, किताबों को पुनः जारी करना, पुष्तकों का व्यवस्थित स्थानन आदि चीज़ों में यह पोर्टल बहुत ही सहायक है।

### Nalanda पोर्टल

सम्पूर्ण BITS पिलानी के द्वारा शैक्षणिक कार्य के लिए इस्तेमाल किया जाने वाला सबसे महत्वपूर्ण पोर्टल है। अध्यापक यहां पर अध्ययन सामग्री व विषयवस्तु भेजते हैं, तो वही पर विद्यार्थी अपने असाइनमेंट्स यहां पर डालते है। अध्यापकों द्वारा किसी भी कोर्स के लिए सूचना या घोषणा भी इसी पोर्टल के माध्यम से की जाती है।

### AUGS-AGSR

यह कॉलेज का ऐसा विभाग है जो अपनी छोटी टीम के साथ भी दक्ष मैनेजमेंट व समकालिक अनेक काम करने में सक्षम है। AUGSD विद्यार्थियों के दस्तावेजों की जांच से लेकर कोर्स के विवरण, टाईमटेबल, अवकाश आवेदन सुविधा, नोटिस बोर्ड, परीक्षा संचालन, मेकअप परीक्षा आदि चीज़ों के आवेदन करने की सभी सुविधायें एक जगह व्यवस्थित रूप से सुलभ कराता हैं।

### S.W.D पोर्टल

छात्रों के कल्याण के लिए बने इस पोर्टल पर अपना वित्त विवरण पाया जा सकता है। हॉस्टल, मेस आदि हर छोटे-बड़े खर्च का विभाजित विवरण यहां उपलब्ध होता है। व्यक्तिगत रूप से इस कार्यालय के चक्कर लगाए बिना ही हम अनेक प्रकार के महत्वपूर्ण प्रमाणपत्रों के लिए यहां पर आवेदन कर सकते हैं। अनेक प्रकार की मिलने वाली छात्रवृत्तियों की सूची भी इसी पोर्टल पर उपलब्ध करवाई जाती है। कुछ संगठन की जानकारी के साथ ही कैंपस के जिम , स्विमिंग पूल आदि क्लब्स के लिए भी यहां पर आवेदन कर सकते हैं।

# रेजिस्ट्रेशन प्रक्रिया

सबसे पहले ERP पोर्टल पर लोगिन करें

साईट खुलने के बाद >> होम बटन >> रजिस्ट्रेशन >> माय अकादमिक रेकोइरमेंट्स

यहाँ रजिस्ट्रेशन के नौ कोर्सेज की लिस्ट दिखेगी

इसके बाद एक एक करते हुए, सारे कोर्सो का रजिस्ट्रेशन करना है

लेकिन इसका भी ध्यान रखना है कि हमारे टाइमटेबल में किसी भी क्लास का क्लैश तो नही हों रहा

अगर नहीं

अगर हाँ

अगर कोई क्लेश नही आता तो >> सेलेक्ट ऑल >> Validate >> रजिस्ट्रेशन कार्ट >> सेलेक्ट ऑल >> एनरोल >> फिनिश रजिस्ट्रेशन

अगर छटे स्टेप में क्लेश आता तो अपनी रजिस्ट्रेशन कार्ट में वापस जाकर क्लेश होने वाले कोर्स को delete करें और अन्य सही क्लास/ सेक्शन का चुनाव करें और फिर छटे स्टेप को करना

हिंदी प्रेस क्लब(HPC) बिट्स के सबसे पुराने तथा महत्वपूर्ण क्लब में से एक है। हम अक्सर कॉलेज में होने वाली प्रमुख घटनाओं को कवर करते हुए मासिक पत्रिका प्रकाशित करते हैं जिसमे शामिल है लोगों से साक्षात्कार करने से लेकर विशेष अवसरों पर रचनात्मक लेखन कार्य। हमें तलाश है –

1) लेखक
2) कार्टूनिस्ट
3) ग्राफिक डिज़ाइनर
4) वीडियो एडिटर
5) फॉर्मेटर

**HPC मात्र एक क्लब नही बल्कि एक परिवार है, आइये इस परिवार से जुड़े–**

@hpc.bits

hindipressclub.wordpress.com

**संपर्क करें – सर्वाक्ष (+91 79854-47940); वैष्णवी (+91 72949-58943)**
**अमृत (+91 98198-62570); चेतन (+91 78386-98151)**

# हिंदी प्रेस क्लब

आर्यन, हार्दिक, संस्कार, लाम्बा, शाल्मली

सर्वेश, जैनम, देव, ऋत्विक,आकाश, आरुषी, आर्यमन, आर्ची, निशिका, भव्य, हिमांशी, आदित्य

मौलि, अमृत, मल्लिका, वैभव, सर्वाक्ष, वैष्णवी, चेतन, विदित, पुलकित, ध्रुव, अनुज, अवि, सार्थ, वंश, अक्षय